# समाचार

## स्वच्छता पखवाड़ा

## पखवाड़े के दूसरे दिन आज मुड़ापार बाजार में चला सफाई अभियान

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने भ्रमण कर साफ–सफाई कार्यो का लिया जायजा, दिये आवश्यक दिशा निर्देश )

कोरबा 17 नवम्बर 2015 –स्वच्छता पखवाड़े के दूसरे दिवस आज टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत आने वाले मुड़ापार साप्ताहिक बाजार में निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाकर साफ–सफाई का कार्य कराया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वहां पहुंचकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पार्षदों व अधिकारियों के साथ बाजार का भ्रमण किया, साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा सफाई कार्यो के बेहतर संपादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

यहां उल्लेखनीय है कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2015 तक प्रथम चरण का स्वच्छता पखवाड़ा नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में आयोजित किया गया जा रहा है। जिला कलेक्टर श्री पी. दयानंद के मार्गदर्शन में निगम के साथ–साथ जिले के  अन्य नगरीय निकायों में भी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़े आयोजित किये जा रहे है। स्वच्छता पखवाड़ों के आयोजन की कड़ी में प्रथम चरण का यह स्वच्छता पखवाड़ा '' कृषि मण्डी, सब्जी एवं अनाज बाजार '' विषय पर आयोजित हो रहा है। 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2015 तक चलने वाले इस प्रथम चरण के पखवाड़े का शुभारंभ 16 नवम्बर को कोरबा पुराना शहर स्थित इतवारी बाजार से किया गया था। इसी कड़ी में आज पखवाड़े के दूसरे दिन मुड़ापार साप्ताहिक बाजार में साफ–सफाई कार्य संपादित कराए गए। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वहां पर पहुंचकर संपादित किए जा रहे स्वच्छता कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा बेहतर स्वरूप में साफ–सफाई के कार्यो के संपादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। भ्रमण के दौरान मुड़ापार साप्ताहिक बाजार स्थित मछली मार्केट के आसपास अव्यवस्थित रूप से अपशिष्ठ फेके जाने की शिकायत प्राप्त होने पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे मछली विक्रेताओं को इस संबंध में आवश्यक समझाईस दें कि वे दुकानों से निकले अपशिष्ठ को अव्यवस्थित रूप से न फेके। निगम द्वारा मांस–मछली दुकानों से अपशिष्ठ के एकत्रीकरण हेतु वाहन का संचालन किया जा रहा है, अतः उसी निर्धारित वाहन में ही दुकानों से निकले अपशिष्ठ को डाले ताकि आमनागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। स्वच्छता अभियान के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ. गोपाल कुर्रे, पार्षद राजा गुप्ता, महिला कांग्रेस की प्रदेश मंत्री कुसुम द्विवेदी, महिला कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, कार्यपालन अभियंता आर.के. चौबे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता विनोद शांडिल्य, एच.आर. बघेल, राजस्व अधिकारी राजबहादुर सिंह, उप अभियंता लीलाधर पटेल, स्वच्छता निरीक्षक एस.पी. शुक्ला, दीपेश कुमार सिंह, आदि के साथ वार्ड के नागरिकगण उपस्थित थे।

**18 नवम्बर को परसाभांठा बालको में चलेगा अभियान**– 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक चलने वाले प्रथम चरण के इस स्वच्छता पखवाड़े के तहत 18 नवम्बर को बालको नगर स्थित परसाभांठा साप्ताहिक बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता प्रदान करें। इसी प्रकार 19 नवम्बर को बुधवारी साप्ताहिक बाजार, 20 नवम्बर को जेलगांव बस्ती साप्ताहिक बाजार, 21 नवम्बर को बांकी मुख्य मार्केट, 23 नवम्बर को कोरबा शहर थोक मार्केट इतवारी रोड, दर्री रोड बाजार, 24 नवम्बर को इंदिरा व्यवसायिक परिसर टी.पी.नगर, 26 नवम्बर को निहारिका मुख्य बाजार एवं थोक सब्जी मण्डी, 27 नवम्बर को बालको सिविक सेंटर एवं सेक्टर–5 मार्केट,  28 नवम्बर को एन. टी.पी.सी. साप्ताहिक बाजार एवं 30 नवम्बर को भैरोताल एवं बांकीमोंगरा बाजार में स्वच्छता पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यो का संपादन कराया जाएगा।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)